

## एक नजर में

### सिविल अस्पताल कन्नौद में कार्यशाला आयोजित

कन्नौद ।11 जुलाई विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल कन्नौद में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस






अवसर पर बीएमओ डॉ. लोकेश मीणा ने बताया कि जनसंख्या नियंत्रण एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 11 जुलाई से 18 जुलाई 2026 तक जनसंख्या दिवस मनाया जाएगा। जब बच्चों में हो सही अन्तर, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल यह इस वर्ष जनसंख्या दिवस अभियान का नारा है। मां और बच्चे की सही सेहत के लिए सही समय पर गर्भधारण तथा दो बच्चों के बीच उचित अंतराल जरूरी है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी ग्रामों में सास बहू सम्मेलन, समूह चर्चा के माध्यम से तथा घर-घर जाकर योग्य दम्पतियों से संपर्क कर उन्हें परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन अपनाकर हम न केवल छोटे परिवार की अवधारणा को बढ़ावा दे सकते हैं, बल्कि माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य में भी सुधार ला सकते हैं। पखवाड़े के दौरान स्वास्थ्यकर्मी लाभार्थियों को कंडोम, माला-एन, छाया, अंतरा, कॉपर-टी, महिला एवं पुरुष नसबंदी जैसी सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में जागरूक करेंगे,साथ ही इच्छुक दम्पतियों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर नि:शुल्क सेवा उपलब्ध कराई जायेगी द्य कार्यशाला में सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ माल सिंह बेनल, डॉ हर्षवर्धन राणा, बीईई दिनेश साहू, बीपीएम प्रदीप पवार, बीसीएम विनोद भंवर,सभी सेक्टर सुपरवाइजर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, एएनएम,एमपीडब्ल्यू आदि उपस्थित रहे।

### शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन






**सोनकच्छ।** अभिभाषक संघ की नवीन कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विशेष न्यायाधीश विकास शर्मा तथा विशेष अतिथि के रूप में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राघवेंद्र सिंह चौहान मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर न्यायाधीश विकास शर्मा ने कहा कि आप सभी सातों पदाधिकारी व बार को संगठित करके बार और बेंच के संबंधों में मधुरता बनाए रखने का प्रयास करेंगे। सोनकच्छ बार अपनी एक अनूठी पहचान है। विशेष अतिथि राघवेंद्र सिंह चौहान ने नवीन कार्यकारिणी को शपथग्रहण की बधाई दी और पुरानी कार्यकारणी के द्वारा करवाए गए कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि, चुनाव तो हो गए लेकिन अधिवक्ताओं में आपसी मनभेद नहीं होना चाहिए। नवीन अध्यक्ष प्रवीण कुमार लाहोटी ने भी संबोधित किया। निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता सत्यनारायण लाठी ने अध्यक्ष लाहोटी, सचिव अभिषेक जाजू, उपाध्यक्ष मदन मोहन राव, कोषाध्यक्ष कविता सोनी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष लोकेंद्र मूंगी, सह सचिव संदीप धाकड़, लाइबेरियन राजश्री बघेल को शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान नवीन कार्यकारिणी ने अभिभाषक कक्ष में अधिवक्ताओं के लिए वाईफाई की व्यवस्था की। इस अवसर पर न्यायाधीश प्राची गुणवान,परिधि गुप्ता आदि उपस्थित थे। पूर्व कार्यकारिणी की ओर से आभार लाइबेरियन नाहिदा खान ने माना। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र परिहार ने किया व आभार जाजू ने सचिव जाजू ने माना।

### भाविप अहिल्यानगरी ने किया पौधरोपण

**इंदौर.** भारत विकास परिषद (भाविप) के 64वें स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत अहिल्यानगरी शाखा द्वारा एसजीएसआईटीएस कैंपस में पौधरोपण किया गया. एक पौधा, एक जीवन के ध्येय वाक्य के साथ शुरू हुए इस अभियान में परिषद के सदस्यों ने सपरिवार हिस्सा लिया. भाविप अध्यक्ष संजय मेहता के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में पर्यावरण संरक्षण को हर नागरिक का नैतिक दायित्व बताया गया. संस्था के निदेशक प्रोफेसर नीतीश पुरोहित ने परिषद के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि पौधों को लगाने के साथ उनका संरक्षण भी बेहद जरूरी है. संस्थान के बागवानी प्रभारी एलेक्स कुट्टी ने मियावाकी तकनीक के बारे में बताया और सीड-बाल निर्माण की ट्रेनिंग भी दी. निर्जीव पौधों की जगह जीवित पौधों के पुनर्स्थापन के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में राष्ट्रीय संपर्क टोली के सदस्य मनीष बिसानी और क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव राजकुमार साबू विशेष रूप से उपस्थित रहे. अभियान को सफल बनाने में पर्यावरण प्रभारी राजकुमार-डॉ. अंजना जैन, किशोर-सुषमा कोठारी, संयोजक योगेश-सुनीता गुप्ता, अजय-सीमा माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष प्रदीप-पिंकी धनौतिया, राजेंद्र आर्य, विमला आर्य, कैलाश खंडेलवाल, पिंकी खंडेलवाल, राधाकृष्ण भटोरे, संजय सूर्यवंशी, स्वाति सूर्यवंशी, नीरज अग्रवाल, योगेश केवड़ा, रश्मि केवड़ा, नितिश शर्मा, सुरभि कोठारी, कृष माहेश्वरी, रोटरी मार्शल से कैलाश राठी, हेमंत तिवारी, सुनील ओझा, अजय जैन, बालकृष्ण मिश्र, अतुल माहेश्वरी और कैलाश रिझवानी सहित अन्य सदस्यों ने पौधारोपण किया. समापन पर सचिव गौरव-पंखुरी माहेश्वरी ने एसजीएसआईटीएस प्रबंधन, बागवानी प्रभारी एलेक्स कुट्टी और सहभागी परिवारों का आभार माना.

### नवजात शिशुओं का टीकाकरण एवं पोलियो अभियान शिविर

**इंदौर.** बजरंग नगर स्थित काले धर्मशाला में शुक्रवार को नवजात एवं छोटे बच्चों के लिए नियमित टीकाकरण एवं पोलियो अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया. शिविर में डेढ़ माह, दो माह और तीन माह तक के बच्चों को आयु के अनुसार आवश्यक टीके लगाए गए तथा पोलियो की दवा भी पिलाई गई. शिविर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों का टीकाकरण स्वच्छ एवं सुरक्षित तरीके से किया. आसपास के क्षेत्रों से अभिभावक अपने बच्चों को टीकाकरण और पोलियो की खुराक दिलाने के लिए पहुंचे. आंगनवाड़ी शिक्षिका सुनीता जी ने बताया कि यह शिविर शासन की ओर से प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित किया जाता है. इसका उद्देश्य क्षेत्र के सभी नवजात एवं छोटे बच्चों का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करना,

# विधायक ने सड़क परियोजना का किया निरीक्षण

- प्रोजेक्टर में सर्विस रोड को सम्मिलित करने के मौके पर दिए निर्देश

देवास। गजरा गियर्स चौराहा से बीएनपी गेट तक 5 करोड 50 लाख की लागत से बनने वाली सीसी सडक कार्य का निरीक्षण विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार के द्वारा निगम सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, वार्ड पार्षद एवं निगम एनयुएलएम विभाग समिती अध्यक्ष शीतल गेहलोत, पार्षद विकास जाट के साथ शनिवार 11 जुलाई को किया गया।

**इन कार्यो के साथ होगा सडक का निर्माण**-इस अवसर पर विधायक श्रीमंत पवार ने कहा कि विधायक निधि से 5 करोड 50 लाख की लागत से गजरा गियर्स चौराहे से बीएनपी गेट तक बनने वाली 7.5 मीटर चौडी सीसी सडक निर्माण के साथ ही पाथवे, नाला निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, ड्रेनेज लाईन का कार्य होकर एक आदर्श रोड का निर्माण किया जा रहा है।



**सडक के साथ सर्विस रोड का भी होगा निर्माण**

विधायक श्रीमंत पवार ने निर्माण कार्य से पहले किये जा रहे कार्य का प्रोजेक्ट एवं मेप मौके पर देखा तथा कार्य की पूरी प्लानिंग को सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी से समझा। सडक निर्माण के प्रोजेक्ट मे सर्विस रोड नही है किन्तु विधायक श्रीमंत पवार ने जनहित को दृष्टिगत रखते हुए दुर्घटना से बचाव के लिए सडक के साथ सर्विस रोड निर्माण को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिए। 5 .5 मीटर चौडी सर्विस रोड का निर्माण दुकानों एवं मकानो की तरफ रहेगा। सर्विस रोड के बाद पाथवे, डिवाईडर रहेगा, ड्रेनेज लाईन रहेगी, डिवाईडर के बाद मेन सडक रहेगीकृकृ के बीच ग्रीन री एवं प्रकाश व्यवस्था रहेगी के निर्माण को मौके पर ही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।




# निगम ने किया वृद्धा आश्रम में पौधारोपण

**देवास** अमृत हरित महा अभियान अन्तर्गत नगर निगम द्वारा वृह्द स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत 11 जुलाई शनिवार को वृद्धा आश्रम बसेरा में विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा सभापति रवि जैन आयुक्त दलीप कुमार, निगम स्वास्थ्य समिती अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह बैस, पार्षद सोनू परमार के साथ पौधारोपण किया गया। जिसमें अलग अलग प्रजाति के पौधों का रौपण किया गया। इस अवसर पर निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, आरती खेडेकर, उपायुक्त वित्त दिपक पटेल एवं बडी संख्या मे निगम कर्मचारी व नागरिकगण उपस्थित रहे।




## सतवास में किसानों की मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैट के बैनर तले चक्का जाम

- और सरकार की सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ कर..
- कर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार हरिओम ठाकुर को ज्ञापन सौंपा

**सतवास** में शुक्रवार को किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैट के बैनर तले भारतीय किसान यूनियन के जिला महासचिव लक्ष्मण पटेल एवं ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश बागड़वा के नेतृत्व में महाराणा प्रताप चौराहा बस स्टैंड सतवास पर चक्का जाम किया गया जिसमें किसानों ने एकत्रित होकर सतवास तहसीलदार हरिओम ठाकुर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया , ओर यदि सात दिवस में मागे नहीं मानी गई तो, पुन: आंदोलन चक्का जाम किया जायेगा



**इन सभी मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा** -किसान नेता लक्ष्मण पटेल एवं मुकेश बागड़वा ने कहा की यह धरना कम समय के लिए एक चेतावनी के रूप मे सरकार को जगाने के लिए किया गया है अगर इसके बावजूद सरकार नही जागी ओर मांग नहीं मानी तो पुन: आंदोलन किया गया जायेगा .तहसीलदार हरिओम ठाकुर ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन टिकैट के द्वारा किसानों की मांग को लेकर मा. मुख्यमंत्री जी के नाम मुझे ज्ञापन सौंपा गया,

**ज्ञापन की मुख्य मांगे...**

1...मूंग खरीदी सो फीसदी हो
2...उर्वरक में टोकन सिस्टम में सुधार कर किसानों को पूर्व चाहिए वही दिया जावे यूरिया के साथ एसपी या सुपर लेना पड़ता है उसे बंद किया जावे एवं सभी रिटेलर के यहां यूरिया डीएपी पोटाश पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो
3....अति वर्षा किसानों की बिगड़ी फ़सल का बीमा क्लेम दिया जावे
4.....विगत वर्ष की बीमा राशि तत्काल किसानों के खाते में डाली जाए
5.....किसानों को पर्याप्त बिजली दी जाए,,,बिजली विभाग की मनमानी खत्म की जाए , कटौती की बिजली बाद में बड़ा कर दी जाए

### देवास पुलिस द्वारा लगाया खतरा सूचक बोर्ड

**बागली।** पिपरी उदय नगर मार्ग पर विगत दिनो 5 जुलाई को पोलाखाल निवासी राकेश चौहान नवयुवक की सड़क हादसे में गंभीरचोट आने के बाद मृत्यु हो गई थी पुलिस विभाग ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में वाहन चालकों को सुरक्षा की दृष्टि से दुर्घटनाग्रस्त स्थान पर एक चेतावनी बोर्ड लगाकर धीरे चले यातायात नियम का पालन करें एवं सुरक्षित रहे का संदेश बोर्ड लगाया गया बोर्ड लगाने का उद्देश्य वाहन चालक धीरे चले सुरक्षित रहे जीवन अनमोल है उसे बचाए अगर यातायात नियमों का पालन करेंगे तो ही आप सुरक्षित रहेंगे पुलिस ने सभी वाहन चालकों से निवेदन किया है। कि हेलमेट एवं सीट बेल्ट का एवं यातायात के नियमों का पालन करें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने पर अपना एवं दूसरे का जीवन सुरक्षित रख सकेंगे पुलिस के इस पहल की क्षेत्र के सतीश मेहता अजय शर्मा मनोहर वास्केल गिरधर गुप्ता अल्केश मेहता महेश यादव सतीश अग्रवाल रुपेश जायसवाल सुरेंद्र मिश्रा नितिन जैनसावन यादव दयाराम चावड़ा मनीष चंद्रवंशी जगदीश विश्वकर्मा अशोक शर्मा पंकज गुप्ता सहित सभी पिपरी पोला खाल रतनपुर के प्रबुद्ध जनों ने पुलिस के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए सराहनीय कार्य बताया साथही आम नागरिकों से अपील की है कि वह इन नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित रहे।

# बनी सीसी सड़कों की गुणवत्ता को लेकर आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

- इलेक्ट्रिक के पोल पर लगाई गई केबल का कराये लेब टेस्ट-आयुक्त





**देवास।** वार्ड 24 बगीचा सौन्दर्यीकरण, वार्ड 23 सडक निर्माण, वार्ड 1 ब्राहम्ण खेडा हनुमान मंदिर के पास सीसी रोड, वार्ड 5 में निगम द्वारा लगाये गये विद्युत पोल का निरीक्षण आयुक्त दलीप कुमार ने शनिवार 11 जुलाई को किया। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान लगाये गये इलेक्ट्रिक पोल एवं केबल को देखा। उपयंत्री जीवन रावत को पोल पर लगाई जाने वाली इलेक्ट्रिक केबल की गुणवत्ता जांच हेतु लेब टेस्टिंग कराये जाने के लिए उपयंत्री जीवन रावत को कहा। वार्ड 1, 23, 45 में निर्मित सीसी रोड कार्य के निरीक्षण के दौरान संबंधित ठेकेदार के द्वारा सीसी रोड का सर्फेस रिपेयर का कार्य कराने के निर्देश उपयंत्रियों को दिए साथ ही वार्ड 23 में सर्फेस रिपेयर के कार्य पूरा नही करने पर संबंधित ठेकेदार के बिल से 10 प्रतिशत की राशि का कटोत्रा करने के निर्देश संबंधित उपयंत्री को कहा तथा सडक के क्रास में डामर से भराव कराने तथा जिन सडकों पर सिवरेज के चेम्बर नीचे दबे है उसे उपर उठाने के साथ ही रिपेयर कार्य कराने के निर्देश उपयंत्रियों को दिए।




## टीएससीसी लिमिटेड के सहयोग से विद्यालय में शौचालय निर्माण

**भौरासा।** जिले की सोनकच्छ तहसील के ग्राम कांकड़दा स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में टीएसीसी लिमिटेड के सहयोग से विद्यार्थियों की सुविधा के लिए निर्मित शौचालय एवं वर्षा जल संचयन प्रणाली का विद्यालय को विधिवत हस्तांतरण किया गया। इस पहल से विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध होगा, वहीं विद्यालय की छत से एकत्रित होने वाले वर्षा जल का संरक्षण भी किया जा सकेगा। इस अवसर पर टीएसीसी लिमिटेड के सस्टेनेबिलिटी तथा ईएसजी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी संजय गैरोला, डॉ. सतीश सैनी,एवं जयवर्धन सिंह राठौड़,अमरजीतसिंह के आतिथ्य में लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### सोनकच्छ में स्व. शंकरदास शर्मा के हुए नेत्रदान

**सोनकच्छ।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की सोनकच्छ इकाई एवं रोटरी क्लब द्वारा चलाए जा रहे नेत्रदान प्रकल्प के प्रति नगर एवं आसपास में जनजागृति की लहर चल रही है और नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है। शनिवार को पूर्व पत्रकार स्व. वासुदेव शर्मा के सुपुत्र , नंदकिशोर शर्मा , जुगलकिशोर शर्मा, हीरालाल शर्मा के भाई , दीपक के चाचाजी नेत्रदानी स्व. शंकरदास शर्मा का एक दुखद दुर्घटना में असामायिक निधन हो गया। इस गहन दुख की घड़ी के बावजूद भी शोकाकुल परिजनों ने नेत्रदान की सहमति प्रदान की। नेत्रदान के लिए एम.के. इंटरनेशनल आई बैंक इंदौर को खबर की।

### आखिर जीवन हार गया मौत जीत गई लंबे संघर्ष के बाद राहुल गुप्ता का निधन

**बागली।** समस्त चिकित्सा व्यवस्था के उपयोग एवं लंबी चली दुआओं के बाद भी



आखिर में जीवन हार गया ऐसा ही सब कुछ बागली के युवा साथी एवं पूर्व एल्डर मैन राहुल गुप्ता के साथ हुआ 2 महीने से अधिक समय तक चिकित्सा परामर्श और दुआओं के साथ ईश्वर द्वारा दी गई गीनती की सांसों को चलाते हुए 11 जुलाई राहुल गुप्ता ने परिजनो एवं धनिष्ठ मित्रों को अलविदा कह दिया उनके निधन का समाचार मिलते ही युवा जगत में शोक छा गया कम उम्र में इतनी अधिक मित्रता बहुत कम लोगों की रहती है।



## आबकारी विभाग के दल ने अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई कर 8 प्रकरण दर्ज किए

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग के दल द्वारा कन्नौद, खातेगांव, दीपगांव,नेमावर, बाईजगवाड़ा आदि में संदिग्ध स्थानों पर गशत और दबिश की कार्रवाई की गई,कार्रवाई में 08 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 32(1) के तहत दर्ज किए गए। कार्रवाई में 70 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा, 210 पाव देसी मदिरा 24 बीयर एवं 4500 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। जप्त सामग्री की अनुमानित कीमत 04 लाख 83 हजार रुपये है।

# शासकीय चिकित्सक संघ का गठन







**कन्नौद।** मध्य प्रदेश शासकीय चिकित्सक संघ की नई अंतरिम कार्यकारिणी का आधिकारिक रूप से गठन किया नई टीम की घोषणा होते ही प्रदेशभर के शासकीय चिकित्सकों और चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं और बधाई दी। गठित कार्यकारिणी में वरिष्ठ ,ऊर्जावान चिकित्सकों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई जिसमे मुख्य पदाधिकारी अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण चौधरी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराली, उपाध्यक्ष डॉ. विकास मालवीय, डिप्टी डायरेक्टर भोपाल, सचिव डॉ. सोनाली ठाकरे डिप्टी डायरेक्टर जबलपुर, कोषाध्यक्ष डॉ. सौरभ कुमार डिप्टी डायरेक्टर भोपाल, संयुक्त सचिव डॉ. हेमेंद्र चौहान पीजीएमओ जिला चिकित्सालय मंडला, संघ को मजबूती प्रदान करने के लिए नौ सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्यों की भी घोषणा की गई जिनमें डॉ. लोकेश बरवाल ( मीणा ) ब्लॉक मेडिकल आफ़िसर कन्नौद, डॉ. पंकज कुमार बुधौलिया, डॉ. रुक्मणी गुल्हारिया, डॉ. शरद साहू , डॉ. सूर्यकांत शर्मा, डॉ. सचिन कुमार मलैया, डॉ. विशाल शुक्ला , डॉ. योगेश नीखरा,,डॉ. योगेश कौरव मनोनीत किए गए। चिकित्सक समुदाय में हर्ष की लहरनई कार्यकारिणी के गठन पर प्रदेश के विभिन्न जिलों के शासकीय डॉक्टरों ने खुशी जाहिर की समर्थकों और सहकर्मियों का कहना है कि डॉ. रामकृष्ण चौधरी के नेतृत्व में यह नई टीम शासकीय चिकित्सकों के हितों, उनकी समस्याओं के निराकरण और प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगी।

**एक नजर** — **टर्बिडिटी नार्मल रहे इस हेतु एलम ब्लिचिंग के डोज की मात्रा भी बढ़ाएं- आयुक्त**

# बारिश के दौरान फिल्टर पानी की भी लेब में जांच होकर किया जा रहा है जल वितरण

**देवास।** गत दिनों हुई बारिश के कारण क्षिप्रा नदी मे बारिश का पानी आने से नदी के किनारों से हुए मिट्टी के कटाव से पानी मे टर्बिडीटी बढने पर आयुक्त दलीप कुमार ने ट्रीटमेंट प्लांट पर कार्यरत संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पानी फिल्टर के कार्य में एलम एवं ब्लीचिंग जो डाला जा रहा है उसमें टर्बिडीटी नार्मल रहे इस हेतु मात्रा बढाने के लिए निर्देश दिए गये। आयुक्त ने बताया कि गत दिनों हुई बारिश के कारण टर्बिडिटी बढने से पानी मटमेला हुआ है जिसमें टर्बिडिटी, क्लोरिन, ओर पी.एच. की जांच लेब मे कराई गई। लेब की जांच के दौरान पीने के पानी में क्लोरिन का मानक स्तर सही पाया तथा टर्बिडिटी नार्मल रही एवं मटमेले पानी में कोई वेक्टिरिया नही पाया गया। बाढ के दौरान नदी के पानी मे अधिक मात्रा मे मिट्टी के कटाव से बढने वाली टर्बिडिटी को नार्मल रखने के लिए एलम ब्लिचिंग के डोज की मात्रा भी बढाये जाने के निर्देश प्लांट प्रभारी एवं संबंधित इंजिनियर को दिए तथा बारिश के दौरान प्रतिदिन पीने के पानी की जांच की रिपोर्ट भी दिए जाने के निर्देश दिए।

**प्लांट में बारिश के पानी से टर्बिडीटी बढने के कारण फागुलेटर की होगी सफाई**

क्षिप्रा नदी में बारिश का पानी आने से नदी का जलस्तर बढ़ रहा है जिससे क्लियर वॉटर की टीडीएस मानक 250 पीपीएम, टर्बिडीटी मानक, 5 एनटीयु से बढ़कर 12 एनटीयु तक प्राप्त हो रहा है। टर्बिडीटी नार्मल करने तथा आ रहा मटमेला पानी के निराकरण के लिए रविवार 12 जुलाई को क्षिप्रा प्लांट पर 22 एमएलडी के सी एल एफ (फागुलेटर) की सफाई जावेगी। जिसके कारण क्षिप्रा ट्रीटमेंट प्लांट सुबह 9 बजे से सांय 6 बजे तक शट डाउन रहेगा। प्लांट के शट डाउन होने से शहर की निम्न टंकी का जल वितरण रानी बाग टंकी, उत्तम नगर टंकी, बजरंग नगर टंकी, अमोना टंकी से होने वाले क्षेत्र का जल वितरण प्रभावित होगा। दिनांक 12 जुलाई रविवार को होने वाला जल वितरण 13 जुलाई सोमवार को टंकी भरने के उपरांत जल वितरण किया जावेगा।

# उच्च जोखिम वाली गर्भवती ज्योति एवं पूजा का सफलतापूर्वक ऑपरेशन संपन्न

*जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ*

**बागली।** सिविल हॉस्पिटल बागली में 11 जुलाई को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सरोजिनी जेम्स बैक के आदेश अनुसार एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित नागर के मार्गदर्शन में ज्योति अभिषेक निवासी छतरपुरा एवं पूजा सुनील केवटिया पानी उच्च जोखिम वाली गर्भवती का सिजेरियन ऑपरेशन डॉ साधना वर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय देवास एवं एनेस्थेटिक डॉक्टर हेमंत पटेल वरिष्ठ चिकित्सक द्वारा दोनों गर्भवती का सफलतापूर्वक सिजेरियन ऑपरेशन किया गया जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ है। सफल ऑपरेशन होने पर परिवार वालों ने शासन एवं चिकित्सा टीम को बधाई दी इस जटिल ऑपरेशन में नर्सिंग ऑफिसर योगिता योगी भारती वर्मा नर्सिंग ऑफिसर संपत खैरवाल



ममता चौहान राजेश टकरावड़िया आशा कार्यकर्ता जसवंत धरसिया का विशेष सहयोग रहा स्वस्थ जच्चा बच्चा के परिजनों ने बागली चिकित्सक स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बागली में इस प्रकार के जोखिम भरे ऑपरेशन का होना उनके लिए सुखद होने के साथ-साथ आर्थिक बचत वाला भी रहा क्षेत्र की दोनों गर्भवती महिलाएं भी सुरक्षित प्रसव के बाद अपने-अपने बच्चों के साथ बहुत प्रसन्न नजर आई।